न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

पीठासीन अधिकारीः– श्री अंशुल सिंह, R.A.S.

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्याः 08/2020 दायर दिनाँक 21.09.2020

प्रार्थी		अप्रार्थीगण
1. तहसीलदार डीडवाना जिला–नागौर, राजस्थान।	बनाम्	1. हनुमानाराम पुत्र मोटाराम जाति माली निवासी खाखोली वगैराह तहसील डीडवाना, जिला–नागौर राजस्थान, वगैरा।

प्रार्थना पत्र बाबत्
चालू स्थाई सार्वजनिक रास्तों का रेकर्ड में अंकन बाबत
राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 के नियम– 58, 59, 60, 66, 86
अन्तर्गत धारा 131, 132 L.R.Act.

–:: निर्णय ::–

दिनाँक 25.09.2020

तहसीलदार डीडवाना ने राज्य सरकार के परिपत्र क्रमांक प3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 जयपुर दिनाँक 10.08.2016 के संदर्भ में आपने अपने पत्र क्रमांक रास्ता/रास्ता अभियान/2020/राजस्व/1208 दिनाँक 18.08.2020 के द्वारा ग्राम–मोडियावट पटवार मण्डल–**फोगडी** खेत खसरा सं0 544, 543, 540 **व ग्राम खाखोली पटवार मण्डल खाखोली** के खसरा सं0 02, ग्राम बुगालियों की ढाणी पटवार मण्डल खाखोली के खसरा सं0 34 की सरहद में संलग्न सूची के अनुसार चालू स्थाई सार्वजनिक रास्तों का जमाबन्दी एवं नक्शे में अंकन किये जाने बाबत पेश किया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया।

राज्य सरकार के परिपत्र क्रमांक प3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 जयपुर दिनाँक 10.08.2016 के अनुसार ऐसे चालु रास्तो का राजस्व अभिलेख में अंकन राजरथान भू राजस्व अधिनियम की धारा 131 एव 132 तथा राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 के नियम 58, 59, 60, 66 एवं 86 के प्रावधानानुसार तहसीलदार के प्रार्थना पत्र पर किया जायेगा।

तहसीलदार डीडवाना ने राज्य सरकार के परिपत्र क्रमांक प3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 जयपुर दिनांक 10.08.2016 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र पेश किया है। राज्य सरकार के परिपत्र के संदर्भ में प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर संलग्न सूची व ट्रेस नक्शे के अनुसार ग्राम–मोडियावट पटवार मण्डल–**फोगडी** खेत खसरा सं0 544, 543, 540 **व ग्राम खाखोली** पटवार मण्डल खाखोली के खसरा सं0 02, ग्राम **बुगालियों की ढाणी** पटवार मण्डल खाखोली के खसरा सं0 34 का राजस्व रेकर्ड में अंकन किया जावें। संलग्न सूची व ट्रेस नक्शा निर्णय का अभिन्न भाग रहेगा। तदनुसार राजस्व रेकर्ड में तरमीम हों।

(अंशुल सिंह)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

निर्णय आज दिनाँक 25.09.2020 को सरे इजलास में सुनाया गया।

(अंशुल सिंह)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

सहायक कलेक्टर

Signature Not Verified

Digitally signed by Anshul Singh
Date: 2020.10.08 14:30:38 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner